

WHISPERS IN THE CORRIDORS .COM
डॉ. सुरेश मेहरोत्रा
नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत
राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक

- **असम में भाजपा की जीत होगी**

यह व्यापक रूप से माना जा रहा है कि विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा असम में फिर से सत्ता में आ रही है। उन्हें विश्वास है कि बहुमत बंपर होगा।

- **क्या कांग्रेस को शोध करने की आवश्यकता है?**

कांग्रेस न तो सर्वेक्षण जीत पा रही है और न ही चुनाव। इसके पीछे क्या कारण है? क्या कांग्रेस को इस पर शोध करना चाहिए?

## प्रशासनिक

- **1995 बैच के कितने आईएएस अधिकारियों का चयन किया जाएगा ?**

भारत सरकार में नए सचिवों की नियुक्ति को लेकर सत्ता के गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार, हालांकि 1995 बैच के 16 आईएएस अधिकारियों को पैनल में शामिल किया गया है, लेकिन संभावना है कि केवल 3-4 आईएएस अधिकारियों को ही सचिव के पद पर नियुक्ति का मौका मिलेगा।

- **सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश से ऐतिहासिक सुधार की शुरुआतः सीएपीएफ विधेयक स्वायत्तता प्रदान करेगा और कैडर पद सृजित करेगा**

संसद मौजूदा सत्र में ऐतिहासिक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 पर बहस करने के लिए तैयार है, जो देश के पांच प्रमुख अर्धसैनिक बलों – सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी के लिए पहला व्यापक कानूनी ढांचा पेश करेगा। गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए इस कानून में 10 लाख से अधिक कर्मियों के लिए भर्ती नियमों, सेवा शर्तों, अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं और परिचालन स्वायत्तता को संहिताबद्ध किया गया है, जिससे तदर्थ कार्यकारी आदेशों पर दशकों से चली आ रही निर्भरता समाप्त हो गई है। यह विधेयक सीधे तौर पर मई 2025 के सर्वोच्च न्यायालय के उस निर्देश को लागू करता है जिसमें अगले दो वर्षों में महानिरीक्षक रैंक तक सीएपीएफ में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के प्रतिनियुक्ति को 'क्रमिक रूप से कम' करने का आदेश दिया गया था। एक बार लागू होने के बाद, इस उपाय से कैडर अधिकारियों के लिए सैकड़ों वरिष्ठ पदों का सृजन होने, पदोन्नति के अवसरों में बदलाव आने और सभी बलों में नेतृत्व की भूमिकाओं में आईपीएस अधिकारियों के प्रभुत्व में कमी आने की उम्मीद है। अधिकारियों का कहना है कि यह सुधार संस्थागत स्वायत्तता बढ़ाने की दिशा में एक लंबे समय से प्रतीक्षित कदम है, साथ ही राज्य पुलिस के साथ परिचालन संबंधी तालमेल भी बनाए रखेगा। यह विधेयक अगले सप्ताह लोकसभा में पेश किए जाने की संभावना है।

- **कैडर आवंटन नीति में बदलाव का निरंतर प्रभाव**

केंद्र सरकार द्वारा घोषित एक महत्वपूर्ण संरचनात्मक परिवर्तन से पूरे देश में, दक्षिणी राज्यों सहित, आईएएस, आईपीएस और आईएफओएस पदों के आवंटन में बदलाव आ रहा है। पांच-क्षेत्रीय प्रणाली को चार नए समूहों में विभाजित किया गया है: (1) उत्तर (जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड); (2) पूर्व (उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़); (3) पश्चिम और मध्य (मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा); और (4) दक्षिण और उत्तर-पूर्व (आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, साथ ही उत्तर-पूर्वी राज्य)। इसका उद्देश्य कैडर वरीयताओं में संतुलन स्थापित करना और रिक्तियों को भरना है। दक्षिणी राज्य (कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल, ओडिशा) अब समूह 2 और 4 के अंतर्गत आते हैं, जिससे अंतर-राज्यीय प्रतिनियुक्तियों में संभावित वृद्धि हो सकती है। यह नीति 2026 के यूपीएससी बैच से पूर्णतः लागू होगी।

- **2026 बैच के लिए यूपीएससी परीक्षा में प्रयास की सीमा**

2026 से प्रभावी होने वाले यूपीएससी के नए नियमों के बारे में जानकारी सामने आई है, जिसके अनुसार आईएएस/आईएफएस परीक्षा में पुनः प्रयास की अनुमति नहीं होगी, सेवाओं के लिए केवल एक सुधार का अवसर मिलेगा। इससे दक्षिणी कैडरों में नए प्रतिभाशाली अधिकारियों की संख्या में वृद्धि होने की आशंका है (उदाहरण के लिए, कर्नाटक के तकनीक-प्रधान जिलों में अधिक युवा अधिकारी)। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि नए अधिकारियों को समायोजित करने के लिए 2026 के मध्य तक तेलंगाना में बड़े पैमाने पर फेरबदल हो सकता है।

- **2026 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय की अटकलें**

ऐसी अफवाहें हैं कि 2026 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय का एक नया दौर शुरू हो सकता है, जिससे संभावित रूप से 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की संख्या घटकर 4-6 वैश्विक स्तर के बैंक रह जाएगी (उदाहरण के लिए, एसबीआई, पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक के नेतृत्व में)। इसमें बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ महाराष्ट्र जैसे छोटे बैंकों का विलय भी शामिल है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत को समर्थन देने के लिए 'विश्व स्तरीय' बैंक तैयार करना है, जिसके लिए आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ चर्चा चल रही है। बजट 2026 को लेकर अटकलें तेज हो गईं, जिसमें वित्त वर्ष 2026-27 से शुरू होने वाले बहु-चरणीय विलय की भविष्यवाणियां की गईं। इससे शेयर बाजार में तेजी आ सकती है, लेकिन इसे केंद्र सरकार के विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

- **दक्षिण भारत का आर्थिक योगदान और राजकोषीय समानता को बढ़ावा देना**

क्षेत्र में चल रही चर्चाओं में दक्षिणी राज्यों द्वारा करों में दिए जाने वाले योगदान और प्रतिफल में असमानता को उजागर किया गया है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि इससे बेहतर निधि वितरण के लिए आईएएस के नेतृत्व में नीतिगत पैरवी हो सकती है, जिसके तहत तमिलनाडु के ग्लोबल टूरिज्म समिट 2026 जैसी नई परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। ओडिशा ने आईएफओएस अधिकारियों के लिए हरित ऊर्जा प्रतिनियुक्तियों पर ध्यान केंद्रित किया है।

- **अनुपम मिश्रा एचसीएल के सीएमडी**



त्रावणकोर लिमिटेड स्थित फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स के निदेशक (विपणन) अनुपम मिश्रा को 12 मार्च, 2026 को आयोजित सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) की बैठक में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के पद के लिए चुना गया है। इस पद के लिए कुल पांच उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया था।

- **सुश्री लवली कटियार मूल कैडर में लौटीं**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सुश्री लवली कटियार को समय से पहले उनके मूल कैडर में वापस भेज दिया गया है।

- **गेल में वित्त निदेशक पद के लिए साक्षात्कार 17 मार्च को**

सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) 17 मार्च, 2026 को गेल (इंडिया) इंडिया लिमिटेड में निदेशक (वित्त) के पद के लिए साक्षात्कार आयोजित कर रहा है।

- **त्रिपुरा से अतिरिक्त सचिव के लिए कोई पैनल में नाम शामिल नहीं**

त्रिपुरा कैडर से भारत सरकार में अतिरिक्त सचिव या अतिरिक्त सचिव के समकक्ष पदों पर 2001 बैच के आईएएस अधिकारी को पैनल में शामिल नहीं किया गया है।

# शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा उत्तर प्रदेश : राजनाथ सिंह



**लखनऊ ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश, एक व्यापक दृष्टि के साथ आगे बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में हम सबने देखा है कि राज्य ने सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इन्फ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट,इण्डस्ट्री और एजूकेशन इन सभी क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश ने नई गति प्राप्त की है। मुझे विश्वास है कि इसी प्रकार के प्रयासों के कारण, आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में भी, नए मानक स्थापित करेगा। यहाँ के शैक्षणिक संस्थान, केवल प्रदेश के ही नहीं बल्कि पूरे देश के छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगे।

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को लखनऊ के गोल्फ सिटी में सिटी मान्टेसरी स्कूल के नए भवन का उदघाटन के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब किसी शहर की पहचान, उसकी सड़कों और इमारतों से आगे बढ़कर, उसके शैक्षिक और सांस्कृतिक संस्थानों से बनने लगती है, तब वह शहर वास्तव में समाज के भविष्य को आकार दे रहा होता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में, केवल स्कूल और कालेज खोलने पर ही ध्यान नहीं दिया जा रहा। यहाँ एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ, एक सकारात्मक सीखने का वातावरण विकसित हो सके। उन्होंने कहा स्कूल केवल ज्ञान देने की जगह नहीं होता, वह मनुष्य निर्माण की प्रयोगशाला भी होता है। वहाँ केवल गणित,विज्ञान या भाषा नहीं सिखाई जाती, वहाँ जीवन के मूल्य भी सिखाए जाते हैं। हमको अपने बच्चों के शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व पर भी ध्यान देना जरूरी है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है कि व्यक्ति अपने ज्ञान का उपयोग केवल अपने लिए नहीं बल्कि समाज की प्रगति के लिए भी करे। बच्चे स्कूल में पढ़ते जरूर हैं लेकिन उनका व्यक्तित्व घर में बनता है। स्कूल उन्हें ज्ञान और अनुशासन देता है, जबकि घर उन्हें जीवन का अनुभव, संवेदनशीलता और संस्कार देता है। अच्छी नौकरी, अच्छा पैकेज या किसी प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश मिल जाना ही जीवन की पूरी सफलता नहीं है। वास्तविक सफलता तब होती है, जब व्यक्ति अपने ज्ञान और विचारों से, समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सके। बच्चों को केवल अंक लाने के लिए नहीं बल्कि जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करना जरूरी है।

### चैत्र नवरात्र मेला तैयारी

# डीएम ने विंध्य कॉरिडोर व गंगा घाट का किया रात में निरीक्षण



**मीरजापुर ।** आगामी चैत्र नवरात्र मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए गुरुवार देर रात जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने अधिकारियों के साथ विंध्य क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विंध्य कॉरिडोर, पुरानी वीआईपी मार्ग और पक्का घाट का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कॉरिडोर की छत पर पान-गुटखे के दाग और जगह-जगह लगे जालों की सफाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही कॉरिडोर के कमरों का निरीक्षण करते हुए खुले तारों की पाइप को दीवार के अंदर लगाने और फायर ब्रिगेड के पाइप को भी सुरक्षित ढंग से व्यवस्थित करने को कहा। टूटे फॉल्स सीलिंग और गंदगी को भी जल्द दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने उत्तर प्रदेश विंध्य धाम तीर्थ विकास परिषद द्वारा डीपीआर के अनुसार रखे गए सामानों को व्यवस्थित करने तथा हॉल में बैठक व्यवस्था के लिए मेज-कुर्सियां लगाने को कहा। साथ ही सीसीटीवी हॉल का निरीक्षण कर सभी कार्य तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए।

मुंडन स्थल के पास पेयजल कक्ष को खुलवाकर नल दुरुस्त कराने, गेट नंबर-5 के पास भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग लगाने तथा मंदिर परिसर में पुराने बैनर-फ्लैक्स हटाकर नए लगाने के निर्देश भी दिए गए।

डीएम ने गंगा घाट पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग और महिलाओं के लिए अस्थायी चेंजिंग रूम बनाने को कहा। वहीं पक्का घाट की सीढ़ियों पर लाल और पीले रंग से रंगाई कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर संजीव यादव सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर को लेकर अफवाहों से बचें, सर्वर स्लो होने से आई थी बुकिंग में दिक्कतः डीएम



मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत की चर्चाओं के बीच जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने स्पष्ट किया है कि जनपद में गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। तकनीकी कारणों से ऑयल कंपनियों के सर्वर स्लो होने के चलते गुरुवार को ऑनलाइन बुकिंग में कुछ समय के लिए समस्या जरूर आई थी, लेकिन इसका समाधान किया जा रहा है और जल्द ही बुकिंग व डिलीवरी पहले की तरह सुचारु हो जाएगी।

डीएम ने बताया कि सर्वर की धीमी गति के कारण उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग में परेशानी का सामना करना पड़ा, जिससे कई जगहों पर किल्लत की अफवाहें फैल गईं। उन्होंने कहा कि जनपद में गैस की आपूर्ति नियमित रूप से जारी है और कहीं भी वास्तविक कमी की स्थिति नहीं है। जिलाधिकारी ने सभी घरेलू गैस उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे गैस एजेंसियों या गोदामों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। यदि घर में भरा हुआ सिलेंडर मौजूद है तो फिलहाल अतिरिक्त सिलेंडर लेने के लिए प्रयास न करें, ताकि जरूरतमंद उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन गैस आपूर्ति को लगातार सुचारु बनाए रखने के लिए निगरानी कर रहा है। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देते हुए लोग प्रशासन का सहयोग करें।

प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि तकनीकी समस्या दूर होते ही ऑनलाइन बुकिंग और सिलेंडर की डिलीवरी सामान्य रूप से शुरू हो जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

# वासंतिक चैत्र नवरात्र में श्री काशी विश्वनाथ दरबार में देवी की होगी आराधना,विविध धार्मिक अनुष्ठान

**वाराणसी ।** वासंतिक चैत्र नवरात्र में काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ की नगरी शक्ति आराधना में लीन रहेगी । स्वयं काशीपुराधिपति (श्री काशी विश्वनाथ) के दरबार में पूरे नवरात्र विविध धार्मिक अनुष्ठान होंगे। नवरात्र के पहले दिन श्री काशी विश्वनाथ धाम में कलश स्थापित होगा।

मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. विश्वभूषण मिश्र ने शुक्रवार को बताया कि चैत्र नवरात्र पर्व (19 मार्च) की पूर्व संध्या पर शक्तिपीठ मां विशालाक्षी मंदिर से आए नौ कलश गंगाजल श्री काशी विश्वनाथ के पावन ज्योर्तिलिंग पर अर्पित किया जाएगा। अगले दिवस प्रात:काल मंगला आरती के पश्चात, सर्वप्रथम प्रथम शक्तिपीठ माता काशी विशालाक्षी द्वारा प्रेषित नौ कलश गंगाजल से महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चैत्र नवरात्र के नौ दिनों में प्रतिदिन भगवान श्री विश्वेश्वर दरबार से श्रृंगार सामग्री तथा वस्त्र माता विशालाक्षी को भेंट स्वरूप प्रेषित किए जाएंगे। माता काशी विशालाक्षी शक्तिपीठ के साथ-साथ काशी में स्थित नवदुर्गा स्वरूप देवियों को भी प्रतिदिन के अनुसार श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग धाम से वस्त्र एवं श्रृंगार सामग्री अर्पित की जाएगी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के सीईओ के अनुसार, चैत्र नवरात्र के नौ दिनों में प्रतिदिन धाम स्थित शिवार्चनम मंच पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन श्री काशी विश्वनाथ धाम में शक्ति आराधना के अंतर्गत दुर्गासप्तशती का शास्त्रीय विधि-विधान से पाठ संपन्न किया जाएगा। चैत्र नवरात्र पर्व अवधि में एक दिवस काशी की परंपरा के अनुसार माता श्रृंगार गौरी की आराधना को समर्पित रहेगा। इसी परंपरा के निर्वहन में काशी विश्वनाथ धाम में विराजमान माता श्रृंगार गौरी की आराधना काशीवासी एवं श्रद्धालुओं द्वारा की जाएगी। मंदिर न्यास द्वारा इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए नारियल तथा फलाहारी प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी और आयोजन गरिमापूर्ण रूप से संपन्न किया जाएगा।

राम नवमी के पावन अवसर पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। नवमी तिथि को नौ मातृ शक्तियों को मुख्य याजक के रूप में आमंत्रित कर नवमी यज्ञ संपन्न कराया जाएगा।

# जापान और सिंगापुर की सफल यात्रा के लिए मुख्यमंत्री को दी शुभकामनाएं

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, रायबरेली :** राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति, रायबरेली के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को उनकी जापान एवं सिंगापुर की सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। समिति की वार्षिक पत्रिका 'अवध केसरी' के दसवें अंक का भी मुख्यमंत्री योगी ने विधिवत विमोचन किया।

भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जनपद रायबरेली के विकास से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और महत्वपूर्ण प्रस्तावों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इसमें जनपद में भव्य प्रवेश द्वार के निर्माण तथा हैदरगढ़ स्थित शुगर मिल के बंद होने से किसानों को हो रही गन्ना उठान की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में जनपद रायबरेली के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल होगी। मुख्यमंत्री ने जनहित में और भी बेहतर कार्य के लिए समिति के सदस्यों को प्रेरित किया।

राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका 'अवध केसरी' के दसवें अंक के प्रकाशन की मुख्यमंत्री योगी ने शुभकामनाएं दीं और प्रसन्नता जताई कि समिति बेहतर ढंग से कार्य कर रही है। इस अंक में अमर सेनानी राना बेनी माधव बख्श सिंह के अंग्रेजों के खिलाफ किए गए संघर्ष के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। 1857 में साहित्यकारों ने भी देश की आजादी में अपनी कलम के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसका भी विवरण इस अंक में विस्तार से दिया गया है। समिति का उद्देश्य है कि अवध केसरी पत्रिका के माध्यम से जन-जन तक 1857 क्रांति में शहीद हुए योद्धाओं के बारे में जानकारी पहुंचाना, उस समय किन परिस्थितियों में देश की रक्षा के लिए संघर्ष किया गया था, उसके बारे में लोगों को बताना और युवाओं को राष्ट्रहित के लिए प्रेरित करना है। समिति का प्रयास अमर शहीदों के परिजनों का सहयोग करना और उनके द्वारा किए गए कार्यों से हर किसी को अवगत कराना है।

# सफाई में लापरवाही पर कार्रवाई

**कानपुर।** सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और औचक जायजे में लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह बातें नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने कहीं।

नगर आयुक्त ने शुक्रवार को जरीब चौकी से द्वारिकापुरी बाजार कूड़ाघर होते हुए गुमटी नंबर-5 कोकाकोला तक क्षेत्र का जायजा लिया। इस दौरान रेलवे की बाउंड्रीवाल के किनारे-किनारे बड़ी मात्रा में कूड़ा पड़ा मिला। वहीं द्वारिकापुरी बाजार स्थित कूड़ाघर में कूड़ा सड़क तक फैला पाया गया और मौके पर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं मिला।इस पर नाराजगी जताते हुए नगर आयुक्त ने सफाई निरीक्षक मो. फहीम और सफाई नायक राहुल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं सफाई कर्मचारी गोलू, विक्रम और बाबू का एक-एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए।

**मध्यप्रदेश राज्य रोज़गार गारंटी परिषद**
**(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन गठित पंजीकृत संस्था)**
**विकास भवन-चतुर्थ तल, अरेरा हिल्स भोपाल-462027**
**E-mail : comm.nregs@mp.gov.in, Phone : 0755-2551487**
**क्र. 1/879267/2026/NR-18** **भोपाल, दिनांक : 13.03.2026**

**निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य रोज़गार गारंटी परिषद, मुख्यालय भोपाल हेतु आवश्यक्तानुसार दरों के आधार पर स्टेशनरी व कार्यालयीन उपयोगी सामग्री क्रय किये जाने के संबंध में संस्थाओं को सूचीबद्ध किये जाने हेतु प्रतिष्ठित अनुभवी एवं आर्थिक रूप से समृद्ध संस्थानों से एम.पी. टेण्डर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

संस्थाओं को सूचीबद्ध किये जाने से संबंधित विस्तृत तकनीकी एवं वित्तीय विवरण, शर्तें एवं समय सारिणी **दिनांक 13.03.2026 से** एमपी टेण्डर पोर्टल **https://mptenders.gov.in** की वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।

विभाग को बिना कारण बताये किसी भी समस्त प्रस्ताव को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

म.प्र. माध्यम/124901/2026 **उपायुक्त**

# स्वच्छता और सुंदरता के शिखर पर 19 को नजर आएगी रामनगरी

**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी 19 मार्च को जब श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र स्थापित कर रही होंगी, उस वक्त मंदिर परिसर से बाहर पूरे नगर की छटा भी अलौकिक नजर आएगी। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले हजारों अतिथि एवं लाखों श्रद्धालु रामनगरी की दिव्यता के साथ स्वच्छता के पैमाने पर मॉडल नगर निगम का अक्स जेहन में उतार कर लौटें, इसके लिए नगर निगम खास तैयारी कर रहा है। नगर निगम के तिलक हाल में आयोजित तैयारी बैठक में 19 मार्च को श्रीराम जन्मभूमि परिसर में राष्ट्रपति के आगमन एवं आयोजित समारोह के मद्देनजर जन सुविधाओं को बेहतर बनाने की योजना को अंतिम रूप दिया गया।

**INDIAN AIR FORCE**

**AIR FORCE SPORTS CONTROL BOARD**

**RECRUITMENT OF OUTSTANDING SPORTSMEN**

**APPLICATIONS ARE INVITED FROM OUTSTANDING UNMARRIED MALE SPORTSMEN TO JOIN INDIAN AIR FORCE AS AGNIVEERVAYU (SPORTS) INTAKE 02/2026**

**DETAILED ADVERTISEMENT AVAILABLE ON HTTPS://AGNIPATHVAYU.CDAC.IN**

**ONLINE APPLICATIONS ARE TO BE SUBMITTED FROM 1000 Hr ON 23 MARCH 2026 TO 1700 Hr ON 29 MARCH 2026**

**AT HTTPS://AGNIPATHVAYU.CDAC.IN/CASBSPM**

**TENTATIVE DATES FOR SELECTION TRIALS AT NEW DELHI FROM 08 APRIL TO 10 APRIL 2026**

**CBC 10803/11/0033/2526**

# आपका राशिफल 14 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-6-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक 5 6 7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक 3 6 8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगें। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-2-4-6